रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2060] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 24, 2015/आश्विन 2, 1937
No. 2060] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 24, 2015/ASVINA 2, 1937

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 सितम्बर, 2015

का.आ.2609(अ).--निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा।

प्रारूप अधिसूचना

कर्नाटक राज्य के बेल्लारी जिले के हास्पेट और संदूर में स्थित दारोजी भालू अभयारण्य 82.72 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। और 15° 14° उत्तरी से 15°07उ. अक्षांश तथा 76° 31 से 76° 40 पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है और वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 26क के उपखंड (ख) के अधीन 55.873 वर्ग कि.मी. के क्षेत्र को दारोजी भालू अभयारण्य के रूप में अधिसूचित करने वाली कर्नाटक सरकार की अधिसूचना सं. ईई 159 एफ डब्ल्यू एल 91, तारीख 17.10.1994 द्वारा अभयारण्य बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2008 में कर्नाटक सरकार ने बुक्का सगारा आरक्षित वन क्षेत्र के 26.85 वर्ग कि.मी. के अतिरिक्त क्षेत्र को अपनी अधिसूचना सं. एफईई 119 एफडब्लयू एल 2008, तारीख 3.10.2008 द्वारा दारोजी भालू क्षेत्र के अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया है। वर्तमान में दारोजी भालू अभयारण्य का कुल क्षेत्र 82.72 वर्ग कि.मी. है।

दारोजी भालू अभयारण्य भारत में केवल ऐसा अभयारण्य है जो संकटापन्न स्तनपायी भारतीय रीछ (मेलसर्स अर्सीनस) के संरक्षण के लिए स्पष्टतया घोषित किया गया है, इस अभयारण्य में शैलमय शिलाखंड और गुफाँएं, झाड़ीदार जंगल और भू-भाग, रीछों तथा चीतों के लिए अभीष्ट प्राकृतिक आवास बनाए हैं।

स्थानीय गैर सरकारी संगठनों और वन्य जीव कार्यकर्ताओं की सहायता से वन विभाग द्वारा अपनाई गई कठोर संरक्षक संबंधी पद्धतियों के कारण अभयारण्य को पुनःजीवित किया गया है। और संपूर्ण पारिस्थितिकीय प्रणाली में पूर्णतया परिवर्तन किया गया है।

संपूर्णस अत्युर्वर वनस्पति दठूठों से और भालूओं तथा पक्षियों द्वारा किए गए बीज छितराव द्वारा पुनःजीवित की जाती है। कभी बंजर, विकृत हुए जंगल अब हरे भरे हो गए हैं उत्तरी कर्नाटक के झाड़ीदार वन में विशिष्ट पादपों की असंख्य प्रजातियां यहां दिखाई देती हैं। क्योकि जंगल को पुनःजीवित किया गया है, इसलिए वन्य जीव यहां फलफूल रहा है। भारतीय रीछों की जनसंख्या में वृद्धि हुई है। चीता, साही, साल, गीदड़, काले रोएंदार खरगोश और लाल नेवला आदि की जनसंख्या में भी वृद्धि हुई है और यहां लगभग पक्षियों की 150 प्रजातियां जिनमें दुर्लभ पीत कंठदार बुलबुल, रंग बिरंगा पदकन्टमुर्गा भी है, पहचान की गई है तथा यहां स्टार कछुओं, अजगर, रसल वाईपर रेड सैन्ड बोआ, कोबरा जैसे सरीसृप और बहुत से सांर दिखाई देते हैं।

और, दारोजी भालू अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से **पारिस्थितिक संवेदी जोन** के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त **पारिस्थितिक संवेदी जोन** में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक राज्य में दारोजी भालू अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 150 मीटर से 4.7 किलोमीटर की सीमा तक के विस्तार क्षेत्र को दारोजी भालू अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके ब्यौरे निम्नानुसार है, अर्थात्:-

1. पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं-(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार दारोजी भालू अभयारण्य के चारों ओर 132.016 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है ऐसे जोन का सीमा अभिवर्णन **उपाबंध** I में दिया गया है।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची प्रमुख बिंदुओं के समन्वयकों के साथ **उपाबंध** II के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा ब्यौरों सहित पारिस्थितिक संवेदी जोन के मानचित्र **उपाबंध** III के रूप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा पर और साथ ही अभयारण्य पर मुख्य अवस्थान (जीपीएस बिन्दू) **उपाबंध-**IIIक रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना-(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) उक्त योजना को राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट रीति में और सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्यांतों, यदि कोई हों, के सामंजस्य से तैयार की जाएगी।

(4) पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी बातों को इसमें समकलित करने के लिए आंचलिक महायोजना सभी संबंधित राज्य विभागों के साथ परामर्श से तैयार कि जाएगी, अर्थात् :--

(i) पर्यावरण;

(ii) वन;

(iii) शहरी विकास;

(iv) पर्यटन;

(v) नगरपालिका;

(vi) राजस्व;

(vii) कृषि;

(viii) कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(ix) सिंचाई; और

(x) लोक संकर्म विभाग

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों, पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न किया जाए और उक्त आंचलिक महायोजना सभी अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों में दक्षता और पारिस्थितिकीय अनुकूलता का सुधार करेगी।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना स्थानीय पारिस्थितकीय जोन में विकास को विनियिमत करेगी जिससे समुदायों की जीवकोपार्जन की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास का सुनिश्चय किया जा सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए हैं वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन क्रमांक 11, 17, 23, 28, और 31 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगा, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी व्यवसाय के लिए पारिस्थितिकीय अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(ii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संन्निमार्ण ;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,

(iv) वर्षा जल संचय, और

(v) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधाजनक स्टोर और स्थानीय सुविधाएं भी हैं, :

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 तथा तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी :

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनउत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक झरने** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित किया जाएगा और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे, जो आंचलिक महायोजना का भाग होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग द्वारा राज्य सरकार के वन और पर्यावरण विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केन्द्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गनिदेशों तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पर्यटन मार्गनिदेशों के अनुसार होगा जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के संबंधित पर्यटकों के अस्थायी निवास के लिए आवासन के सिवाय पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर होटल और रिसार्ट के नए संनिर्माण पेनगंगा वन्य जीव अभयारण्य की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर अनुज्ञात नहीं होंगे :

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट** - ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.आ.630 (अ), तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(11) **यानीय परिवहन -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(12) **औद्योगिक ईकाइयां-**

(क) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन में नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को विधि के अनुसार स्थापित विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योगों के अनुज्ञात किया जाएगा अन्यथा नहीं।

(ख) जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले नए उद्योग की प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन में स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	प्रतिसिद्ध क्रियाकलाप :	
(1)	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां।	क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा।
(2)	आरा मशीनों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मशीनों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
(3)	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषण कारित करने वाले का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
(4)	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(5)	नए बृहत जल विद्युत परियोजना और सिंचाई की परियोजनाओं की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(6)	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(7)	प्राकृतिक जलाश्यों या सतही क्षेत्र में	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।

	अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	
(8)	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुबारों आदि द्वारा अभयारण्य क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
(9)	नए काष्ठ आधारित उद्योग ।	नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना पारिस्थितिक संवेदी जोन में अनुज्ञात की जाएगी: परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग विधि के अनुसार बना रह सकता है: परंतु यह और कि विद्यमान आरा मिलों की अनुज्ञप्तियों का नवीकरण उनके पर्यवसान अवधि पर नहीं किया जाएगा ।
विनियमित क्रियाकलाप :		
(10)	प्लास्टिक के थैलों का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित ।
(11)	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी के अनुकूल पर्यटन कार्यकलापों से संबंधित पर्यटकों के लिए अस्थायी आवास के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर नए वाणिज्यक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना को अनुज्ञात किया जाएगा अन्यथा नहीं। तथापि 1 किलोमीटर से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन कार्यकलापों या विद्यमान कार्यकलापों के विस्तार पर्यटन मास्टर प्लान के दिशा-निर्देशों के अनुरुप होंगे ।
(12)	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर किसी नए वाणिज्यक संनिर्माण को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय व्यक्तियों को उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण जिसके अंतर्गत पैरा 3 के उपपैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, को करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा । परंतु यह और कि प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण कार्यकलापों को विनियमित किया जाएगा और लागू नियमों और विनियमों के अनुसार, यदि कोई हों तो, सक्षम प्रधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से न्यूनतम रखा जाएगा। परंतु एक किलोमीटर से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक वास्तविक स्थानीय आवश्यकताओं के लिए अनुज्ञात किया जाएगा और अन्य संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
(13)	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी । (ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों के मामलों में कार्यकरण योजना निर्देशों का अनुसरण किया जाएगा ।
(14)	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है ।	(क) सतह जल और भू जल का निष्कर्षण वास्तविक कृषि उपयोग और भूमि के अधिभोगी के घरेलू उपयोग के लिए ही अनुज्ञात किया

		जाएगा। (ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही जल और भूजल निष्कर्षण जिसके अंतर्गत वह भी मात्रा भी है जिसे निष्कर्षित किया जा सकता है, विनियामक प्राधिकरण से पूर्व लिखित अनुज्ञा की अपेक्षा करेगा। (ग) सतही जल अथवा भूमिगत जल का कोई विक्रय अनुज्ञात नही होगा। (घ) किसी स्रोत जिसमें कृषि भी है, से जल के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे।
(15)	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों की स्थापना।	(i) भूमिगत केबल डालने को प्रोत्साहित करना। (ii) आचलिक महायोजना के अधीन विवरणों के अनुसार या मानिटरी समिति की सिफारिशों से पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर वैद्युत खंभे खड़े किए जा सकते हैं।
(16)	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित।
(17)	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना।	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनिकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे।
(18)	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
(19)	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(20)	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(21)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(22)	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(23)	लघु उद्योग, जो प्रदूषण कारित नहीं कर रहे हैं।	प्रदूषण न करने वाले गैर परिसंकटमयी लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या कृषि आधारित उद्योग स्वदेशी मालों से पारिस्थितिक संवेदी जोन से उत्पादों का उत्पादन कर रहे हैं और जो पर्यावरण पर संघात कारित नही करते हैं, को अनुज्ञात किया जाएगा।
(24)	वनोत्पादक या गैर इमारती लकड़ी का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित।
(25)	वायु और यानिक प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(26)	कृषि प्रणाली में आमूल परिवर्तन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
संवर्धित क्रियाकलाप :		
(27)	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
(28)	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
(29)	जैविक खेती	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।

(30)	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
(31)	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
(32)	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग	सक्रीय रुप से बायो गैस, सौर प्रकाश आदि को बढ़ावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, कर्नाटक सरकार के अंतर्गत आने वाले पारिस्थितिक संवेदी जोन की प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(i)	क्षेत्रीय आयुक्त, गुलबर्ग	अध्यक्ष;
(ii)	माननीय विधान सभा सदस्य, हास्पेट निर्वाचन क्षेत्र, बेल्लारी जिला	सदस्य;
(iii)	पर्यावरण विभाग, कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधि	सदस्य;
(iv)	शहरी विकास विभाग, कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधि	सदस्य;
(v)	क्षेत्रीय अधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	सदस्य;
(vi)	पर्यावरण (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि -	सदस्य;
(vii)	कर्नाटक सरकार द्वारा राज्य के किसी प्रतिष्ठित संस्था या विश्वविद्यालय का नामनिर्दिष्ट पारिस्थितिक और पर्यावरण क्षेत्र का प्रत्येक मामले में एक वर्ष की अवधि के लिए विशेषज्ञ	सदस्य;
(viii)	उपायुक्त या उसका प्रतिनिधि बेल्लारी जिला	सदस्य;
(ix)	उप वन संरक्षक, या बेल्लारी प्रभाग, बेल्लारी	सदस्य- सचिव

निर्देश का निबंधन

(2) मानिटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन सम्मिलित नहीं किया गया है, उसके पैरा के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, होंगे ।

[फा. सं. 25/137/2015-ईएसजेड-आरई]

डा. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध ।

दारोजी भालू अभयारण्य की सीमाएं

तुंगभद्रा नदी (उ 15°22'46.30" पू 76°32'37.72") के किनारे पर दारोजी भालू अभयारण्य के उत्तर में बिन्दु सं. 1 स्थित है । पारिस्थितिक संवेदी जोन रेखा पूर्व की दिशा मे सीधा बिन्दु सं.-2 (उ 15° 22' 43.76" पू 76° 34' 11.86"), की तरफ बढ़ती है, तत्पश्चात सीमा रेखा बिन्दु सं. -3 (उ 15° 21' 49.46" पू 76° 34' 12.94"), की तरफ बढ़ती है, इसके बाद सीमा रेखा रामासागर टंक के दौर से बिन्दु सं. -4 (उ 15° 21' 39.11" पू 76° 34' 42.31 की तरफ मुड़ती है, तब सीमा रेखा दक्षिण की ओर तुंगभद्रा नदी के किनारे बिन्दु सं.-5(उ 15°20'51.34" पू 76°34'42.73") की ओर बढ़ती है, इसके बाद सीमा रेखा पूर्व की ओर नहर के साथ-साथ बिन्दु सं.-6 (उ 15°21'02.47" पू 76°35'14.71"), तक बढ़ती है तब सीमा रेखा नीचे की तरफ दक्षिण- पूर्व दिशा में बिन्दु सं.- 7 (उ 15°19' 71.32" पू 76°36'44.32"), तक बढ़ती है तब सीमा रेखा छोटी पहाड़ी की तलहटी से बिन्दु सं.-8 और बिन्दु सं.-9 तक, मैत्री ग्राम नन्दोबस्त के सिवाय, बिन्दु सं.-9ए (उ 15°18'04.72" पू 76°37'49.21"), पर मैत्री-देवलापुरम रोड को जोड़ती है, इसके बाद सीमा रेखा रोड के साथ चलते हुए बिन्दु सं.- 10 (उ 15°17' 27.64" पू 76° 38' 23.58"), तक चलती है उसके बाद यह दक्षिण- पूर्व दिशा की ओर बिन्दु सं. -10ए (उ 15°17'18.82" पू 76°38'11.57") तक जाती है, इसके बाद सीमा रेखा दक्षिण दिशा की ओर मुड़ कर बिन्दु सं.-11 (उ 15°17'01.10" पू 76°38'24.90") तक जाती है, जो कि देवलापुरम ग्राम नन्दोबस्त के बाहर स्थित है, तत्पश्चात सीमा रेखा सीधा दक्षिण- पूर्व दिशा में चलते हुए बिन्दु सं.-12 (उ 15°16'34.11" पू 76°39'41.04") तक पहुँचती है । इसके बाद सीमा रेखा पूर्व में बिन्दु सं. -13 (उ 15°16'32.42" पू 76°40'23.38") तक जाती है जो कि जल नहर कि किनारे स्थित है । इसके बाद सीमा रेखा नहर के साथ-साथ दक्षिण दिशा की ओर बिन्दु सं.-14 से होते हुए मुड़ती है तथा बिन्दु सं.-15 जो कि डरोजी टंक के उत्तरी किनारे पर स्थित है तक पहुँचती है, इसके बाद सीमा रेखा डरोजी टंक की सीमा के साथ-साथ बिन्दु सं.- 16 , तक इसके बाद सीधा दक्षिण- पूर्व दिशा में होरापन बिल्लेरी रोड पर स्थित बिन्दु सं.-17 तक, तत्पश्चात रोड के साथ-साथ सीमा रेखा बिन्दु सं.-18 (उ 15°13'27.43" पू 76°36'57.42"), तक, इसके बाद पूर्व में उत्तर में बिन्दु सं.-19 (उ 15°13'47.42" पू 76°36'35.52"), तक, सीमा रेखा इसके बाद पश्चिम कि ओर रेलवे लाइन सीमा पर स्थित बिन्दु सं.-20 (उ 15°13'46.22" पू 76°35' 34.38"), इसके बाद यह बिन्दु सं.-21 तक जाती है, तथा इसके बाद पारिस्थितिक संवेदी जोन सीमा रेखा पश्चिम की ओर रेलवे लाइन के साथ-साथ बिन्दु सं. -22, 23, 24, 25, 26, 27, के साथ बिन्दु सं. -28, तक, इसके बाद उत्तर की ओर सीमा रेखा बिल्लिकालू पश्चिम संरक्षित वन की सीमा पर स्थित बिन्दु सं. -29 तक जाती है इसके बाद सीमा रेखा उत्तर-पश्चिम दिशा में सीधा बढ़ते हुए बिल्लिकालू पश्चिम संरक्षित वन की अन्यत्र पश्चिम बिन्दु पर स्थित बिन्दु -30 तक जाती है, इसके बाद सीमा रेखा पूर्व दिशा में बिल्लिकालू पश्चिम संरक्षित वन कि सीमा के साथ-साथ तुंगभद्रा उच्च स्तरीय नहर पर स्थित बिन्दु सं.-33 तक जाती है, इसके बाद सीमा रेखा तुंगभद्रा उच्च स्तरीय नहर के साथ बिन्दु सं.- 35, तक जाती है, इसके बाद उत्तर की ओर मुड़ कर बिन्दु सं. - तक जाती है, इसके बाद सीमा रेखा और आगे बढ़ कर कमलुपरा-रामासागर रोड पर स्थित बिन्दु सं. -37 तक जाती है, इसके बाद सीमा रेखा उत्तर-पूर्व दिशा में रोड के साथ बिन्दु सं.- 41, तक जाती है, तथा इसके बाद सीमा रेखा उत्तर की ओर मुड़ कर तुंगभद्रा नदी के किनारे स्थित बिन्दु सं.-42 तक, इसके बाद उत्तर-पूर्व दिशा में चलते हुए तुंगभद्रा नदी के किनारे स्थित बिन्दु सं.-1 तक पहुँचती है ।

उपाबंध II

दारोजी भालू अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले गाँवों की सूची

मानचित्र आई डी	गाँवों के नाम	पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत गाँव	तालुका	वर्ग किलोमीटर में विस्तार	अक्षांश	देशांतर
1	रामासागर	आंशिक गाँव	होसापेट	4.079	15.37646 उ	76.57522 पू
2	कनाविथीम्मालपुरा	आंशिक गाँव	होसापेट	8.547	15.34459 उ	76.57260 पू
3	बुक्कासागर	आंशिक गाँव	होसापेट	5.187	15.34972 उ	76.53200 पू
4	वेंकटापुरा	आंशिक गाँव	होसापेट	7.223	15.33018 उ	76.51664 पू
5	कददीरामापुरा	आंशिक गाँव	होसापेट	30.059	15.27947 उ	76.52431 पू
6	इंगालिगी	आंशिक गाँव	होसापेट	1.964	15.25904 उ	76.44201 पू
7	वददाराहाल्ललली	आंशिक गाँव	होसापेट	1.796	15.23655 उ	76.46855 पू
8	पप्पीनायाक्कानाहाल्ली	आंशिक गाँव	होसापेट	3.695	15.23869 उ	76.48876 पू
9	बयालुवादीगेर	आंशिक गाँव	होसापेट	8.508	15.24227 उ	76.52535 पू
10	दरमासागर	आंशिक गाँव	होसापेट	6.418	15.23313 उ	76.56372 पू
11	कोट्टीगानल	आंशिक गाँव	होसापेट	2.981	15.21926 उ	76.58360 पू
12	गदीगानुरु	आंशिक गाँव	होसापेट	2.597	15.22222 उ	76.59769 पू
13	गोनालु	आंशिक गाँव	होसापेट	5.709	15.22097 उ	76.62701 पू
14	दारोजी	आंशिक गाँव	होसापेट	11.647	15.26527 उ	76.66681 पू
15	देवालापुरा	आंशिक गाँव	होसापेट	3.95	15.28319 उ	76.64616 पू
16	उप्पराहाल्ली	आंशिक गाँव	होसापेट	7.339	15.29219 उ	76.60729 पू
17	मेतरी	आंशिक गाँव	होसापेट	8.727	15.30919 उ	76.62290 पू
			Total	120.426		

उपाबंध III

दारोजी भालू अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध III **ए**

दारोजी वन्यजीव अभयारण्य एवं दारोजी वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के मुख्य स्थान

दारोजी वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य स्थान (जीपीएस बिन्दु) (ब्लाक-01)

मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर
1	15.35864 उ	76.53915 पू
2	15.36713 उ	76.56228 पू
3	15.34665 उ	76.56346 पू
4	15.34450 उ	76.56999 पू
5	15.32309 उ	76.58876 पू
6	15.30992 उ	76.58968 पू
7	15.31457 उ	76.61068 पू
8	15.30393 उ	76.61631 पू
9	15.30800 उ	76.60557 पू
10	15.30188 उ	76.59304 पू
11	15.30953 उ	76.56296 पू
12	15.30753 उ	76.52062 पू
13	15.32787 उ	76.52300 पू
14	15.34623 उ	76.54780 पू

दारोजी वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य स्थान (जीपीएस बिन्दु) (ब्लाक-02)		
मानचित्र आई डी	**अक्षांश**	**देशांतर**
1	15.28707 उ	76.55521 पू
2	15.28969 उ	76.58362 पू
3	15.27761 उ	76.60242 पू
4	15.25583 उ	76.58538 पू
5	15.27836 उ	76.61132 पू
6	15.28299 उ	76.62712 पू
7	15.27194 उ	76.63854 पू
8	15.27206 उ	76.65598 पू
9	15.25752 उ	76.65854 पू
10	15.25849 उ	76.63235 पू
11	15.25012 उ	76.63301 पू
12	15.22858 उ	76.62984 पू
13	15.24780 उ	76.60978 पू
14	15.23654 उ	76.57324 पू
15	15.25695 उ	76.57944 पू
16	15.24276 उ	76.56717 पू
17	15.24865 उ	76.52181 पू
18	15.26696 उ	76.53164 पू
19	15.27364 उ	76.54106 पू

दारोजी वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य स्थान (जीपीएस बिन्दु) (ब्लाक-03)		
मानचित्र आई डी	**अक्षांश**	**देशांतर**
1	15.26280 उ	76.48614 पू
2	15.26410 उ	76.49849 पू
3	15.25716 उ	76.52088 पू
4	15.24739 उ	76.50882 पू
5	15.24182 उ	76.48521 पू
6	15.25136 उ	76.48494 पू

प्रमुख स्थान (जीपीएस स्थिति) पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा
(दातम डब्लूजी एस-84)

मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर	मानचित्र आई डी	अक्षांश	देशांतर
1	उ 15°22' 46.30"	पू 76° 32' 37.72"	23	उ 15° 13' 17.11"	पू 76° 35' 05.65"
2	उ 15°22' 43.76"	पू 76° 34' 11.86"	24	उ 15° 13' 37.03"	पू 76° 34' 05.42"
3	उ 15°21' 49.46"	पू 76° 34' 12.94"	25	उ 15° 13' 56.51"	पू 76° 31' 03.23"
4	उ 15°21' 39.11"	पू 76° 34' 42.31"	26	उ 15° 14' 15.79"	पू 76° 30' 01.72"
5	उ 15°20' 51.34"	पू 76° 34' 42.73"	27	उ 15° 14' 02.39"	पू 76° 29' 15.25"
6	उ 15°21' 02.47"	पू 76° 35' 14.71"	28	उ 15° 14' 08.16"	पू 76° 28' 21.88"
7	उ 15°19' 71.32"	पू 76° 36' 44.32"	29	उ 15° 13' 57.54"	पू 76° 27' 47.49"
8	उ 15°19' 01.89"	पू 76° 36' 58.16"	30	उ 15° 14' 23.67"	पू 76° 27' 07.00"
9	उ 15°18' 19.28"	पू 76° 37' 10.45"	31	उ 15° 15' 01.17"	पू 76° 27' 04.22"
10	उ 15°18' 04.72"	पू 76° 37' 49.21"	32	उ 15° 16' 10.58"	पू 76° 26' 32.94"
11	उ 15°17' 27.64"	पू 76° 38' 23.58"	33	उ 15° 16' 32.65"	पू 76° 27' 45.20"
12	उ 15°17' 18.82"	पू 76° 38' 11.57"	34	उ 15° 16' 31.49"	पू 76° 28' 27.37"
13	उ 15°17' 01.10"	पू 76° 38' 24.90"	35	उ 15° 16' 34.94"	पू 76° 29' 05.55"
14	उ 15°16' 34.11"	पू 76° 39' 41.04"	36	उ 15° 16' 42.42"	पू 76° 30' 03.36"
15	उ 15°16' 32.42"	पू 76° 40' 23.38"	37	उ 15° 17' 10.80"	पू 76° 30' 45.58"
16	उ 15°16' 12.58"	पू 76° 40' 32.36"	38	उ 15° 18' 34.39"	पू 76° 30' 37.89"
17	उ 15°15' 05.70"	पू 76° 39' 54.52"	39	उ 15° 19' 27.88"	पू 76° 30' 15.96"
18	उ 15°14' 29.80"	पू 76° 39' 11.68"	40	उ 15° 19' 55.08"	पू 76° 30' 59.77"
19	उ 15°13' 01.19"	पू 76° 38' 14.00"	41	उ 15° 20' 17.56"	पू 76° 31' 13.11"
20	उ 15°13' 27.43"	पू 76° 36' 57.42"	42	उ 15° 20' 53.62"	पू 76° 31' 47.99"
21	उ 15°13' 47.42"	पू 76° 36' 35.52"	43	उ 15° 21' 12.60"	पू 76° 32' 05.73"
22	उ 15°13' 46.22"	पू 76° 35' 34.38"	44	उ 15° 22' 08.81"	पू 76° 31' 53.20"

<u>उपाबंध</u> IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति—की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का प्रोफार्मा

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत्त : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें। बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन मास्टर प्लान भी है ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ब्यौरों को उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा ।

6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा ।

7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश

8. महत्ता का कोई अन्य विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 22nd September, 2015

S.O.2609(E).-The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110003, or send it to the e-mail address of the Ministry at: - esz-mef@nic.in;

Draft Notification

Whereas, Daroji Bear Sanctuary in Hospet and Sandur Taluk of Bellari District of Karnataka State and spread over an area of 82.72 Sq.Kms and lies between latitudes N 15^0 14'to N $15^0$07' and longitude E 76^0 31' to E 76^0 40' and this sanctuary is formed vide Government of Karnataka Notification No. FEE 159 FWL 91 dated 17-10-1994 notifying an area of 55.873 Sq. Kms. as the Daroji Bear Sanctuary under sub-clause (b) of section 26 A of the Wild Life (Protection) Act, 1972 (53 of 1972) and further, in the year 2008 the Government of Karnataka vide its notification no. FEE 119 FWL 2008 dated 03-10-2008 notified an additional area of 26.85 Sq.kms of Bukkasagara Reserved Forest area as Daroji Bear Sanctuary and presently, the total area of Daroji Bear Sanctuary is 82.72 sq.kms;

And wheras, the Daroji Bear sanctuary is the only sanctuary in India precisely declared for the conservation of endangered mammal Indian Sloth Bear (*Melursus ursinus*) and the rocky boulders and caves, scrub jungle and terrain in this sanctuary become an ideal habitat for Sloth Bears and Leopards;

